# ट्रैफिक पुलिस ने चालान भरने को लेकर तकनीकी अपग्रेड लांच किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने अपने चालान और ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम में एक बड़ा तकनीकी अपग्रेड लॉन्च किया है। इसका मकसद ट्रैफिक नियमों को लागू करने की प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी, नागरिक- अनुकूल, कुशल और डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। इस पहल के तहत, ट्रैफिक नियम तोडने वाले अब मौके पर ही कई डिजिटल पेमेंट तरीकोंख्रजैसे यूपीआई, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड के जरिए आसानी से चालान भर सकते हैं। इसके लिए वे फील्ड में मौजूद चालान अधिकारियों के पास उपलब्ध हैंडहेल्ड डिवाइस का इस्तेमाल कर सकते हैं। मौजूदा उल्लंघनों के अलावा, पुराने चालान भी सडकों पर तैनात ट्रैफिक कर्मियों की मदद से डिजिटल रूप से भरे जा सकते हैं।

इससे यात्रियों को होने वाली परेशानी काफी कम हो जाती है और बिना किसी झंझट के कैशलेस लेन-देन को बढ़ावा मिलता है। डिजिटल एनफोर्समेंट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए, दिल्ली भर में फील्ड अधिकारियों के बीच लगभग डेढ हजार नई ई-चालान मशीनें बांटी जा रही हैं। ये अपग्रेड किए गए हैंडहेल्ड डिवाइस कई आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। इनसे चालान तेजी से बन पाता है, पेमेंट तुरंत प्रोसेस हो जाता है, गाड़ी और नियम तोडने वाले की फोटो खींची जा सकती है, गाड़ी टो किए जाने पर उसके मालिक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मैसेज भेजा जा सकता है, और डेटा व रिकॉर्ड का बेहतर मैनेजमेंट हो पाता है।

लोगों की सुविधा को और बढ़ाते हुए, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के ई-चालान सिस्टम को अब भारत बिल पेमेंट सिस्टम के साथ जोड़ दिया गया है। इस इंटीग्रेशन से नागरिक किसी भी यूपीआई सक्षम मोबाइल ऐप के जरिए मौजूदा और पुराने, दोनों तरह के कंपाउंडेबल चालान आसानी से भर सकते हैं। यह एक सुरक्षित, सुलभ और कुशल पेमेंट व्यवस्था सुनिश्चित करता है।

फील्ड स्टाफ को अपग्रेड किए गए डिवाइस और नई डिजिटल पेमेंट सुविधाओं से परिचित कराने के लिए, सभी फील्ड अधिकारियों जिनमें सर्कल ट्रैफिक इंस्पेक्टर भी शामिल हैं के लिए एक ऑनलाइन ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया गया था। इस सेशन में अपग्रेड किए गए ई-चालान सिस्टम को चलाने, डिजिटल पेमेंट की प्रक्रियाओं और शिकायतों को संभालने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना था कि सिस्टम को सुचारू रूप से लागू किया जा सके और नागरिकों को पूरी मदद मिल सके।

## पार्किंग विवाद में युवक पर हमला करने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने भलस्वा डेयरी में कार पार्क करने को लेकर युवक की हत्या की कोशिश की वारदात में शामिल मुख्य आरोपी अंकुश को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले महीने 16 अप्रैल रात साढ़े 11 बजे गली नंबर 3, राजीव नगर, भलस्वा डेयरी में, आरोपी अंकुश, उसके साथी रिहान और एक अन्य अज्ञात साथी तथा उनके पड़ोसी अजय और विजय के बीच मौखिक कहा-सुनी हुई। यह विवाद सडक पर कार पार्क करने को लेकर शुरू हुआ था। गुस्से में आकर, आरोपियों ने पास पड़े पत्थर उठा लिए और अजय तथा विजय के सिर पर वार करके उन पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं।

## छात्रों के हित में लिए गए फैसले के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नीट छात्रों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए दिल्ली सरकार ने 21 जून 2026 को होने वाली नीट (यूजी)-2026 परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए डीटीसी की सभी बसों में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा देने की घोषणा की है।

परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र अपना वैध नीट एडमिट कार्ड दिखाकर इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिया गया है ताकि देश की सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में से एक नीट (यूजी (में शामिल होने वाले छात्र बिना किसी असुविधा के आसानी से अपने-अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंच सकें और अपना पूरा फोकस परीक्षा पर केंद्रित कर सकें।नीट (यूजी) परीक्षा देने वाले छात्रों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करने के लिए डीटीसी बसों द्वारा मेट्रो स्टेशनों और परीक्षा केंद्रों के मुख्य मार्गों तक बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे पूरी राजधानी में यात्रा करने वाले छात्रों को लास्ट-माइल कनेक्टिविटी तक पहुंचने की सुविधा मिल सके। यह पहल एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के दौरान छात्रों को सहायता प्रदान करने के प्रति दिल्ली सरकार के सक्रिय और संवेदनशील दृष्टिकोण को दर्शाती है। इस पहल का स्वागत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि नीट (यूजी) 2026 छात्रों के लिए यात्रा से जुड़ी परेशानियों और तनाव को कम करना एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जोन चेयरमैन को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** शाहदरा उत्तरी जोन के डिप्टी चेयरमैन मुकेश बंसल को फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। बंसल की शिकायत पर ज्योति नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस कॉल करने वाले की पहचान करने और धमकी के पीछे की वजह का पता लगाने में जुटी है।मुकेश बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 28 मई को उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति का काल आया। आरोप है कि काल करने वाले ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। मुकेश बंसल ने बकरीद को लेकर इंटरनेट मीडिया पर कई वीडियो जारी किए थे।

## सब- रजिस्ट्रार दफ्तर में अव्यवस्था देख सीएम ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रोहिणी सेक्टर-16 स्थित अंबेडकर भवन में चल रहे राजस्व विभाग के ई-सब-रजिस्ट्रार कार्यालय VI-। (मॉडल टाउन/पीतमपुरा) और VI-C (रोहिणी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय भवन की स्थिति, नागरिक सुविधाओं, साफ- सफाई, रिकॉर्ड प्रबंधन और लोगों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने भवन की जर्जर हालत, खराब लाइट व्यवस्था, बंद एयर कंडीशनर, टूटे फर्श, गंदे शौचालय, बैठने की कमी और रखरखाव में लापरवाही पर नारा. जगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां रोज बड़ी संख्या में लोग अपने जरूरी दस्तावेजों और संपत्ति से जुड़े काम कराने आते हैं, वहां ऐसी अव्यवस्था किसी भी हालत में स्वीकार नहीं की जा सकती।मुख्यमंत्री ने कार्यालय में उपस्थित नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। कई नागरिकों ने लंबे समय तक खड़े रहकर इंतजार करने, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था न होने, टोकन सिस्टम की कमी, खराब एयर कंडीशनिंग और अन्य बुनियादी सुविधाओं के अभाव की शिकायत की।



**रोहिणी के सब-रजिस्ट्रार दफ्तर में अव्यवस्था देख सीएम ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश।**

## पानी की कमी को लेकर जल बोर्ड ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में पीने के पानी की किल्लत को लेकर लोगों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। स्थानीय विधायक कुलदीप कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने जल बोर्ड कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।




प्रदर्शन के दौरान लोगों ने "पानी दो-पानी दो" के नारे लगाए और अधिकारियों के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से इलाके में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। विधायक कुलदीप कुमार ने मौके पर कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। कुलदीप कुमार विधायक ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पानी की सप्लाई सुचारु नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही जल बोर्ड के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

## द्वारका से चोरी ट्रैक्टर नूंह से बरामद, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दोस्त से मिलने दिल्ली आया युवक द्वारका से ट्रैक्टर चोरी कर ले उड़ा। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच कर चोरी किए गए ट्रैक्टर को हरियाणा के नूंह जिले से बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके दोस्त की तलाश कर रही है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि चार मई को अंबराई गांव से ट्रैक्टर चोरी होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर थाना प्रभारी बिजेंद्र कुमार के नेतृत्व में 30 से 35 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई।

## मेयर ने सिटी एसपी जोन कार्यालय में किया लिफ्ट का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के महापौर प्रवेश वाही ने आज सिटी एसपी जोन कार्यालय में नवनिर्मित आधुनिक लिफ्ट का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय निगम पार्षद सुमन कुमार गुप्ता तथा सिटी एसपी जोन के उपायुक्त कनिका सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि नई लिफ्ट के संचालन से न केवल आम नागरिकों बल्कि वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं कर्मचारियों को भी बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। यह पहल निगम कार्यालयों को अधिक सुलभ, आधुनिक एवं नागरिक-अनुक. ूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा कार्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन एवं नागरिकों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं। नई लिफ्ट का संचालन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



स्थानीय निगम पार्षद सुमन कुमार गुप्ता ने इस सुविधा के लिए महापौर एवं निगम प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के नागरिकों को कार्यालय में आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी तथा जनसेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

## 5 बांग्लादेशी पकड़े गए निर्वासन की प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुखर्जी नगर थाना पुलिस ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी वीजा अवधि समाप्त होने के बावजूद दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे। पुलिस ने सभी को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश कर उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मुखर्जी नगर क्षेत्र में दो समूहों के बीच मामूली विवाद की सूचना मिली थी। जांच के दौरान पुलिस को दो युवक लगातार बांग्ला भाषा में बातचीत करते मिले। स्थानीय लोगों को उनकी गति. विधियों पर संदेह हुआ और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के आधार पर थाना मुखर्जी नगर की टीम ने दोनों संदिग्धों से पूछताछ की। जांच में पता चला कि वे इंदिरा विकास कॉलोनी स्थित एक किराये के मकान में रह रहे हैं और उनके साथ तीन अन्य बांग्लादेशी भी मौजूद हैं। इसके बाद पुलिस ने पांचों को पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि सभी आरोपित अलग-अलग समय पर हवाई मार्ग से बांग्लादेश से दिल्ली आए थे।

## अपराधियों के खिलाफ चलाया गया ऑपरेशन शस्त्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली में संगठित अपराध और अपराधियों के खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए, रोहिणी जिले में 'ऑपरेशन शस्त्र' चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य संगठित अपराध, सड़क पर होने वाले अपराध और हथियारों के अवैध कब्जे के खतरे को रोकना था। इस अभियान के तहत विशेष पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था जोन 1 देवेश चंद्र श्रीवास्तव की देखरेख में संयुक्त पुलिस आयुक्त उत्तरी रेंज विजय सिंह व पुलिस उपायुक्त रोहिणी शंशाक जायसवाल के नेतृत्व में कई टीमें गठित की गईं। सभी टीमों को निर्देश दिया गया कि वे संगठित अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।



**दिल्ली पुलिस की पीएमएमसी यूनिट ने वाईडब्ल्यूसीए कैंपस में एक विशेष महिला सुरक्षा और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।**

## महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की पीएमएमसी यूनिट ने वाईडब्ल्यूसीए कैंपस, में एक विशेष महिला सुरक्षा और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता फैलाना और प्रतिभागियों को दिल्ली पुलिस द्वारा महिलाओं को अधिक सुरक्षित, महफूज और सशक्त महसूस कराने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली पुलिस म्यूजिक बैंड के एक शानदार प्रदर्शन के साथ हुई। बैंड ने देशभक्ति और प्रेरणादायक गीतों का चयन प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित लोगों के बीच एक उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक माहौल बन गया।

जागरूकता सत्र के हिस्से के रूप में, नई दिल्ली के साइबर पुलिस स्टेशन की एसआई कोमल शर्मा ने साइबर सुरक्षा पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। इस सत्र का मुख्य फोकस उभरते हुए साइबर खतरों पर था, जिसमें 'डिजिटल अरेस्ट स्कैम' (गिरफ्तारी का झांसा देकर ठगी), ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, और डिजिटल दुनिया में अपनी निजी व वित्तीय जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए अपनाए जाने वाले एहतियाती उपाय शामिल थे।

## वाहन चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंडावली थाना पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की दो दोपहिया गाड़ियां बरामद की गई हैं।

आरोपी पहले भी चोरी के तीन मामलों में शामिल रह चुका है। उसकी गिरफ्तारी से वाहन चोरी के दो मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, पूर्वी जिले में वाहन चोरी, स्नैचिंग और स्ट्रीट क्राइम पर लगाम लगाने के लिए एसीपी मयूर विहार की निगरानी और थाना प्रभारी मंडावली के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई थी। टीम में हेड कांस्टेबल ओमवीर, कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा, दीपक, प्रदीप, रामक. ेश और विजेंदर शामिल थे। पुलिस टीम लगातार इलाके में गश्त, निगरानी, स्थानीय सूचना जुटाने और तकनीकी विश्लेषण के जरिए सक्रिय अपराधियों की पहचान करने में लगी हुई थी।

27 मई को पुलिस को सूचना मिली कि मंडावली इलाके में एक वाहन चोर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जाल बिछाया और तकनीकी निगरानी के साथ सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण शुरू किया। लगातार निगरानी और कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान दीपक (28) के रूप में हुई है, जो दक्षिण गणेश नगर, मंडावली का रहने वाला है।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने वाहन चोरी की कई वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो दोपहिया गाड़ियां बरामद कीं। इनमें एक मोटरसाइकिल शामिल है, जो 7 मई को मंडावली थाने में दर्ज ई-एफआईआर से संबंधित है। दूसरी बरामद गाड़ी होंडा एक्टिवा स्कूटी है, जो 23 मई को दरियागंज थाने में दर्ज वाहन चोरी के मामले से जुड़ी हुई है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता / डीजल, उत्तर रेलवे, डीजल लोको शेड, तुगलकाबाद के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा केवल निर्धारित निविदा दस्तावेज में ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य विवरण | "डीजल शेड तुगलकाबाद में 02 वर्षों के लिए थ्री-फेज विद्युत लोकोमोटिव में सम्पूर्ण बॉडी सफाई, साइक्लोनिक फिल्टर सफाई तथा कन्वेंशनल विद्युत लोकोमोटिव में सम्पूर्ण बॉडी सफाई, एमआईओ टाइप साइड बॉडी फिल्टर सफाई का कार्य।" |
| काम की जगह | डीजल शेड, तुगलकाबाद, नई दिल्ली - 110044 |
| समापन की अवधि | 2 साल |
| अनुमानित लागत राशि | रु. 11,70,900/- जीएसटी सहित (रु. ग्यारह लाख सत्तर हजार नौ सौ रुपये मात्र) |
| बयाना राशि | रु. 23,400/- (रु. तेईस हजार चार सौ मात्र) |
| तकनीकी योग्यता मापदंड | तकनीकी योग्यता मापदंड का विवरण निविदा फॉर्म के दूसरी शीट के खंड 10 पर दिया गया है। |
| वित्तीय योग्यता मापदंड | वित्तीय योग्यता मापदंड का विवरण निविदा फॉर्म के दूसरी शीट के खंड 10 पर दिया गया है। |
| ई-निविदा प्रपत्र प्राप्त करने व अपलोड करने की वेबसाइट | www.ireps.gov.in |
| ई-निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | 18.06.2026 को 12:00 बजे तक। |
| ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | 18.06.2026 को 12:00 बजे के बाद। |
| निविदा की वैधता | निविदा खुलने से 60 दिन |
| विनिधान | 05-0511-32 |

निविदा प्रपत्र भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। विस्तृत कार्य विवरण, कार्य अनुभव और नियम व शर्तों के लिए कृपया निविदा प्रपत्र का अवलोकन करें।

निविदा सूचना सं-डीजल-टी.के.डी.-फिल्टर-ओ.टी-आर.टी2-26
दिनांक 27.05.2026 1816/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी झेल रहे उत्तर भारत के कई राज्यों को फिलहाल राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार समेत 15 राज्यों में अगले तीन दिन आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60 से 70 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती हैं। दिल्ली-एनसीआर में बृहस्पतिवार शाम को तेज हवा के साथ बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार को भी सुबह से दोपहर तक छिटपुट बारिश हुई और दिन भर बादलों का आना जाना लगा रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ, ऊपरी हवा के चक्रवाती संचरण और प्री-मानसून गति. विधियों के असर से उत्तर भारत के कई राज्यों में तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। बीते 24 घंटे में पूर्वी यूपी के कुछ इलाकों में भीषण लू चली। राजस्थान का श्रीगंगानगर 47.1 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म शहर दर्ज किया गया। मानस. ून दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के कुछ अन्य हिस्सों, लक्षद्वीप क्षेत्र और बंगाल की खाड़ी में और आगे बढ़ा है। देश के 80 फीसदी हिस्से में 5 जून तक प्री-मानसून बारिश का संभावना जताई गई है। दिल्ली-एनसीआर में तेज आंधी और बारिश से तापमान में तीन से सात डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई।

## नीट परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों के लिए फ्री होगा डीटीसी का सफर

**■ सुविधा का लाभ लेने के लिए परीक्षार्थियों को केवल अपना वैध नीट एडमिट कार्ड बस कंडक्टर को दिखाना होगा।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 21 जून परीक्षा के दिन सभी परीक्षार्थी निशुल्क डीटीसी की बसों में यात्रा कर सकेंगे और अपने-अपने सेंटर पहुंच सकेंगे। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए परीक्षार्थियों को केवल अपना वैध नीट एडमिट कार्ड बस कंडक्टर को दिखाना होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हाल ही में नीट परीक्षा के रद्द होने के कारण अनेक परीक्षार्थियों को दोबारा नीट परीक्षा देनी पड़ रही है। ऐसे में परीक्षार्थियों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त मानसिक, समयगत और आर्थिक दबाव पड़ना स्वाभाविक है। दिल्ली सरकार परीक्षार्थियों की इन चुनौतियों को समझते हुए उनके साथ खड़ी है। सरकार का प्रयास है कि परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को परिवहन संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य से 21 जून को सभी नीट परीक्षार्थियों के लिए डीटीसी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वे बिना किसी अतिरिक्त तनाव के समय पर अपने एग्जाम सेंटर पहुंच सकें और पूरी एकाग्रता एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवाओं का समय, परिश्रम और भविष्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि परीक्षार्थियों को उनकी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान हरसंभव सहयोग और सुविधा उपलब्ध कराई जाए। नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाएं परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य से जुड़ी होती हैं। ऐसे समय में सरकार का दायित्व है कि परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को यथासंभव सहयोग और सुविधा प्रदान की जाए ताकि वे किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी या तनाव का सामना न करें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी नीट अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परीक्षा उनके परिश्रम, समर्पण और सपनों को नई दिशा देने का अवसर है।

उन्होंने परीक्षार्थियों से आत्म विश्वास के साथ परीक्षा देने का आग्रह किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी नीट परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे 21 जून को डीटीसी बसों में सफर करते वक्त कंडक्टर को एडमिट कार्ड दिखाए और डीटीसी द्वारा उपलब्ध कराई जा रही इस निःशुल्क सुविधा का लाभ उठाएं।

# बंद घरों में चोरी करने वाले गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर थाना पुलिस ने शातिर चोरों के एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 लाख रुपए के सोने और चांदी के जेवरात बरामद किए।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यह गिरोह दिन और रात में ऑटो में बैठकर सेक्टरों और सोसायटियों में घूमता था। वे बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे और सही मौका देखकर ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यह गिरोह दिन और रात में ऑटो में बैठकर सेक्टरों और सोसायटियों में घूमता था। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यह गिरोह दिन और रात में ऑटो में बैठकर सेक्टरों और सोसायटियों में घूमता था।



**ऑटो में बैठक रेकी करते:** चोरी के दौरान दो लोग ऑटो में बैठे रहते थे, जबकि दो से तीन सदस्य घरों में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चुराते थे। वारदात को अंजाम देने के बाद वे ऑटो में बैठकर फरार हो जाते थे। इस गिरोह ने एक दर्जन से अधिक चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान संभल निवासी प्रदीप, शिव कुमार, वीरेश उर्फ वीरू और सूरज उर्फ बंता के रूप में हुई है। इन चोरों ने 24 मई को अलग-अलग घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था, जबकि 21 मई को ओमिक्रॉन-3 में एक घर में चोरी की वारदात की थी। इन बदमाशों का लंबा आपराधिक इतिहास है।

**बरामद ज्वेलरी की कुल कीमत 50 लाख:** पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 लाख 65 हजार रुपए नकद, सोने-चांदी की चेन, अंगूठियां, नोज पिन और अन्य ज्वेलरी बरामद की है। इसके अलावा, घटना में प्रयुक्त एक ऑटो भी जब्त किया गया है। बरामद ज्वेलरी की कुल कीमत 50 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस फिलहाल इन बदमाशों के बारे में और जानकारी जुटा रही है।

# ग्रेनो क्षेत्र के नौ गांवों में 46.38 करोड़ रुपये बिजली बिल बकाया

**ग्रेटर नोएडा।** नौ गांवों में 46.38 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है। इन उपभोक्ताओं पर नोटिस का भी असर नहीं पड़ रहा है। बकाया बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ एनपीसीएल अगले महीने से वसूली अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहा है। अधिकारी के मुताबिक बकाया बिल जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटने सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र के खेड़ी, भनौता समेत नौ गांवों की सूची तैयार की गई है, जिनमें सबसे अधिक बकाया है। इन गांवों में करीब दो सौ घरों में अभी मीटर नहीं लग सका है। एनपीसीएल के पास ग्रेटर नोएडा शहरी क्षेत्र के अलावा 118 गांवों में बिजली आपूर्ति की जिम्मेदारी है। बड़े बकायेदारों से वसूली करने के लिए एनपीसीएल ने उन गांवों की सूची तैयार की है, जहां पर सबसे अधिक बकायेदार हैं।

**बकाया बिल की जानकारी:** प्रथम चरण में खेड़ी, भनौता, सैनी, सुनपुरा, मकौड़ा, श्यौराजपुर, खोदना खुर्द, खोदना कलां और वैदपुरा गांव को चिह्नित किया गया है। इन नौ गांवों में 46 करोड़ 38 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है। उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिल जमा नहीं किया है। एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि बार-बार अपील किए जाने के बाद भी इन गांवों के उपभोक्ताओं ने अब तक लंबित बकाए की राशि का भुगतान नहीं किया है। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए कंपनी प्रबंधन ने अब वसूली अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके लिए टीम गठित की गई है। बकाया बिल जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

**कई घरों में बिजली का मीटर नहीं लगाया है:** एनपीसीएल से मिली जानकारी के मुताबिक बकाए बिल के साथ इन नौ गांवों में 199 घर ऐसे हैं, जिनमें अब तक मीटर नहीं लगाया जा सका है। मीटर लगाने की कोशिश करने पर टीम को विरोध का सामना करना पड़ता है, जबकि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के निर्देशानुसार जिन घरों में बिजली का उपयोग हो रहा है, वहां मीटर लगाना अनिवार्य है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**नोएडा।** कासना क्षेत्र में एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाने और बाद में जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर बृहस्पतिवार को प्राथमिकी कासना कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। बुलंदशहर निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 में वह अपनी बहन के साथ गौतमबुद्ध नगर में किराये पर रहती थी। इसी दौरान उसकी पहचान दनकौर क्षेत्र के खेरली हाफिजपुर गांव निवासी जितेन्द्र से हुई थी। आरोप है कि जितेन्द्र ने उससे शादी करने का वादा किया और लगातार उसे भरोसे में लेता रहा।

## बीओटी आधार पर बन सकते हैं बस स्टैंड

### कंपनी को दिया जाएगा विज्ञापन का अधिकार, परिवहन निगम कर रहा सर्वे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में 100 सिटी बस चलनी है। इसमें 25 बस ग्रेटर नोएडा और 25 यमुना विकास क्षेत्र में चलेंगी। इसका एक मसौदा तैयार कर दोनों प्राधिकरण को भेजा गया है। रूट लगभग तय हो चुके है। इन रूट पर बस स्टैंड बनाए जाने हैं। ये बस स्टैंड बिल्ट ऑपरेट एंड ट्रांसफर (बीओटी) के आधार पर बनाने पर विचार किया जा रहा है।

प्राधिकरण ने बताया कि परिवहन निगम रूटों पर बनाए जाने वाले स्टैंड को लेकर सर्वे कर रहा है। संभवता एक रूट पर चार से पांच स्टैंड होंगे। अधिकांश स्थानों पर बस स्टैंड बने हुए है। जहां भी बनाए जाएंगे, उसे बीओटी बेसिस पर बनाया जा सकता है। इसमें कंपनी का चयन होगा। कंपनी चिन्हित किए गए स्थानों पर बस स्टैंड बनाएगी। कंपनी को विज्ञापन का राइट दिया जाएगा। विज्ञापन के जरिए वो अपना खर्च और मुनाफा निकालेगी। इसके बाद प्राधिकरण के हैंडओवर कर देगी। साथ ही स्टैंड को मेनटेन करने की जिम्मेदारी भी कंपनी की हो सकती है। प्राधिकरण ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट आने के बाद इसका फाइनल ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा।

**ट्रायल के दौरान बनाएंगे अस्थाई स्टैंड:** जून के पहले सप्ताह में ई-बस का ट्रायल होगा। ये ट्रायल डबल डेकर बसों के जरिए किया जाएगा। इसके 15 से 25 जून के बीच सभी बस आ जाएंगी। जिसके बाद इनको रूट पर उतार दिया जाएगा। रूट पर बसों को चलाया जाएगा। कहां-कहां लोग बस में चढ़ और उतर सकेंगे, इसके लिए अस्थाई स्टैंड बनाए जाएंगे।

**15-15 मिनट के अंतराल पर मिलेंगी बस:** यहां बस चलने से करीब 2 लाख लोगों को फायदा होगा। 15-15 मिनट के अंतराल पर बस मिलेंगी। कुल 100 बस चलेंगी। 5 स्टैंड बाइ पर रहेंगी। इसमें 10 डबल डेकर बस होंगी। ये डबल डेकर बस बोटैनिकल गार्डन से परी चौक तक चलेंगी। 12 मीटर की दो प्रकार की करीब 100 बस पहले फेज में चलेंगी। इनका संचालन यूपी रोडवेज करेगा।

## पानी रोकने के विवाद में दो पक्ष भिड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 45 स्थित सदरपुर गांव में पानी रोकने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें कई लोगों को चोटें आईं। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। दोनों पक्षों की शिकायत पर सेक्टर-39 पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दीपक शर्मा ने पुलिस को बताया कि बीते गुरुवार को उनके घर के सामने रास्ते का निर्माण हो रहा था। उनके घर का भी निर्माण कार्य चल रहा है। इसके कारण रास्ते पर आने वाले पानी को दीपक ने रोक दिया। अगर वह पानी को नहीं रोकते तो यह उनके घर में भर जाता और मकान गिरने का खतरा बढ़ जाता।

इसी बात को लेकर पड़ोसी प्रभास, महादेवी, संगीता और सीमा ने दीपक और उनकी मां के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट में दोनों को गंभीर चोटें आईं। लोगों के एकत्र होने पर चारों गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। दूसरे पक्ष के प्रभास ने वीना शर्मा और दीपक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया है। प्रभास का आरोप है कि दोनों ने उनके घर के सामने हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया। विरोध करने पर मारपीट और गाली गलौज की। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि बीचबचाव करने पर दोनों ने उनके परिवार के अन्य सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी। पूरे घटनाक्रम को जानने के लिए पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बयान दर्ज किए हैं। दोनों पक्षों में पूर्व में भी कहासुनी हो चुकी है।

## एक नजर

### कार और नकदी की चाह में रिश्तों का कत्ल, विवाहिताओं संग मारपीट

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** दहेज में 10 लाख रुपये, स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग पूरी न होने के चलते दो सगी बहनें विवाहिताओं के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि बागपत के घिटोरा गांव निवासी मोनिका व सोनम दोनों बहनों की शादी दादरी कोतवाली क्षेत्र के चिटहेरा गांव में अक्षय भाटी व अभिषेक भाटी के साथ 14 फरवरी 2024 को हुई थी।
शादी में दोनों बहनों के पिता ने अपनी हैसियत से अधिक दान-दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन बाद ही 10 लाख रुपये की नकदी और स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग करने लगे थे। जिसको लेकर विवाहिताओं के साथ अभद्रता का व्यवहार किया जा रहा था। 8 मार्च को विवाहिताओं के साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी गई। पुलिस समझा बुझाकर चली गई। दोबारा मारपीट करने पर विवाहिता ने अक्षय भाटी, अभिषेक भाटी, उर्मिला देवी, सतवीर भाटी, सपना भाटी, करण खारी और निशा के खिलाफ कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### परीक्षाओं में धांधली में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** देशभर में परीक्षा संबंधी धांधलेबाजी, नीट परीक्षा पेपर लीक, उत्तर प्रदेश में एसएससी परीक्षा निरस्त होने और सीबीएसई कॉपी चेकिंग में सामने आ रही अनियमितताओं के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन मंच ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने कहा कि मौजूदा सरकार लगातार छात्रों और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। युवाओं को रोजगार देने की बजाय लाठियां दी जा रही हैं। महासचिव मनविंद्र भाटी ने कहा कि नीट पेपर लीक होने के कारण कई युवाओं द्वारा आत्महत्या जैसे कदम उठाए गए, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। भारतीय किसान यूनियन मंच ने सरकार से मांग की कि यदि दोबारा आयोजित नीट परीक्षा में छात्रों को निशुल्क परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की सुविधा दी जाए, उनके ठहरने एवं खाने-पीने की समुचित व्यवस्था सरकार द्वारा की जाए।भारतीय किसान यूनियन मंच ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की। भारतीय किसान यूनियन मंच ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की।

### 190 फीट ऊंचे टॉवर से गिरकर इंजीनियर की मौत

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** मोबाइल टॉवर से नीचे गिरने से नेटवर्क इंजीनियर की मौत हो गई। इंजीनियर नेटवर्क खराब होने पर टॉवर पर चढ़कर सिग्नल चेक कर रहा था। इसी दौरान सेफ्टी बेल्ट का लॉक टूट गया। वह करीब 190 फीट ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। जिस टावर पर इंजीनियर चढ़ा था, वह एयरटेल कंपनी का है।
मृतक की पहचान फिरोजाबाद के धर्मपुर गांव में रहने वाले श्यामवीर के बेटे शांतनु (30) के रूप में हुई है। वह एयरटेल मोबाइल नेटवर्क कंपनी में नेटवर्क इंजीनियर था। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में नेटवर्क प्रभावित होने की शिकायत मिलने पर वह टीम के साथ नेटवर्क चेक करने गया था।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शांतनु टॉवर पर चढ़कर तकनीकी जांच कर रहे थे। तभी अचानक उसकी सेफ्टी बेल्ट खुल गई और वह सीधे जमीन पर आ गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथियों ने पुलिस की मदद से उसे तुरंत कासना स्थित जिम्स अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### जनगणना कार्य में लापरवाही पर नोएडा प्राधिकरण सख्त

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा प्राधिकरण ने जनगणना-2027 के कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। प्राधिकरण की ओर से नोएडा डीसीपी को पत्र भेजकर ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की गई है। शिकायत में 132 कर्मचारियों के नाम दर्ज हैं। प्राधिकरण द्वारा जारी शिकायत पत्र के अनुसार, जनगणना-2027 के अंतर्गत कई कर्मचारियों को प्रगणक के रूप में नियुक्त किया गया था, लेकिन समय बीत जाने के बाद भी उन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया। संबंधित कर्मचारियों से संपर्क करने और ड्यूटी संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने के बावजूद उन्होंने कार्य में रुचि नहीं दिखाई। इससे जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के अभियान में बाधा उत्पन्न होने की आशंका जताई गई है। पत्र में कहा गया है कि जनगणना अधिनियम 1948 की धारा-11 के प्रावधानों के तहत ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। प्राधिकरण ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए।

## एयरपोर्ट पर नौकरी में कम वेतन का विरोध जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसान परिवारों के युवाओं ने शुक्रवार को एयरपोर्ट साइट पर विरोध प्रदर्शन किया। युवाओं का आरोप है कि साक्षात्कार लेने वाली कंपनियां उन्हें काफी कम वेतन दे रही हैं। दरअसल, एयरपोर्ट संचालन से पूर्व एयरपोर्ट पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। जेवर के 335 किसान परिवारों के युवाओं ने एयरपोर्ट पर जमीन के बदले रोजगार का विकल्प चुना था। शुक्रवार को कुछ गांवों के करीब 25 युवाओं को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। यहां बर्ड और ताज कंपनी ने युवाओं के साक्षात्कार लिए। युवा चांद ने बताया कि बर्ड कंपनी ने उन्हें योग्यता अनुसार यात्रियों के बैग उठाने, जबकि ताज कंपनी ने खाने की प्लेट पैक करने की ड्यूटी संबंधी काम देने की बात कहीं।

साथ ही जब उन्होंने वेतन के बारे में पूछा तो उन्हें कोई जवाब नहीं दिया गया। कुछ युवाओं ने इसका विरोध किया तो बताया कि इन पदों पर 21 हजार रुपए मानदेय प्रतिमाह होगा। इसका युवाओं ने विरोध किया। उन्होंने कम से कम 30 हजार वेतन देने की मांग की।युवाओं ने बताया कि अब वह लखनऊ में मुख्यमंत्री के साथ ही वार्ता करेंगे। मांग पूरी न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

## युवक ने फंदा लगाकर जान दी

**नोएडा।** सेक्टर 46 स्थित छलेरा गांव में रहने वाले 22 वर्षीय युवक दीपक ने शुक्रवार सुबह पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि 22 वर्षीय दीपक छलेरा गांव में परिवार के साथ रहता था। जिस समय घर पर कोई नहीं था, उसी समय उसने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने अभी तक इस संबंध में शिकायत नहीं दी है। आसपास से लोगों से पता करने पर मालूम हुआ कि युवक बीते कुछ समय से किसी बात को लेकर परेशान था।

## दर्दनाक सड़क हादसा, एमबीए छात्रा की मौत, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र स्थित एलजी गोलचक्कर के पास शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में अनियंत्रित ट्रक की टककर से बाइक सवार एमबीए की छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामका नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र का है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को करीब दो बजे बाइक सवार चंदन बर्नवाल निवासी पश्चिम बंगाल, हाल निवासी सेक्टर बीटा-2 ग्रेटर नोएडा अपनी साथी चांदनी कुमारी गुप्ता के साथ जीएल बजाज कॉलेज से एमबीए सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा देकर लौट रहे थे। इसी दौरान एलजी गोलचक्कर के पास उनकी बाइक की एक तेज रफ्तार ट्रक से टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि छात्रा चांदनी कुमारी गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवक चंदन बर्नवाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार ट्रक चालक उपेन्द्र प्रसाद यादव जिला नवादा, बिहार को हिरासत में ले लिया गया है।

मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हादसे के बावजूद मौके पर शांति व्यवस्था कायम रही तथा यातायात को सुचारू रूप से संचालित कराया गया।

## ग्रेनो के 13 गांवों में ई-पुस्तकालय बनाने का काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के सलेमपुर गुर्जर, घंघोला और नवादा समेत 13 गांवों में इस वर्ष के अंत तक ई-पुस्तकालय की सुविधा मिल जाएगी। प्राधिकरण ने इसके लिए पूर्व में बने पंचायत भवनों को संवारने और नए भवन बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। इसके साथ ही अधिसूचित क्षेत्र के अन्य गांवों में भी ई-पुस्तकालय के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। अधिकारी के मुताबिक वर्क सर्किल आठ के गांवों में 13 ई-पुस्तकालय खोलने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। योजना के तहत गांवों में पहले से बने पंचायत भवन इस्तेमाल में लाए जाएंगे।

**ई-पुस्तकालय की मरम्मत:** अधिसूचित क्षेत्र के गांवों में पंचायत चुनाव की व्यवस्था समाप्त होने से वर्षों पहले बने भवन उपयोग में नहीं आ रहे हैं। रखरखाव न होने से जर्जर हो रहे हैं।

सलेमपुर गुर्जर, नवादा, पंचायतन और देवटा समेत नौ गांवों में ई- पुस्कालय के लिए पंचायत भवनों की मरम्मत का काम किया जा रहा है। वहीं हतेवा, नवादा, घंघौला और बिसायच गांव में नए भवन बनाए जा रहे हैं। कार्यदायी संस्था को तय समय में काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस साल के अंत तक काम पूरा कर ई-पुस्तकालय का संचालन किए जाने का लक्ष्य है।

**पंचायत भवनों का उपयोग:** दरअसल ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में पंचायत चुनाव की व्यवस्था समाप्त हो चुकी है। इन गांवों में बिजली, पेयजल आपूर्ति व सड़कों का निर्माण सहित जैसी सभी जरूरी विकास कार्य प्राधिकरण द्वारा कराए जाते हैं। गांवों में स्थित पंचायत भवन रखरखाव के अभाव में जर्जर होते जा रहे हैं। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने पंचायत भवनों को उपयोग में लाने के लिए उन्हें ई-पुस्तकालय में बदलने की योजना बनाई है। गांवों के लोगों द्वारा भी यह मांग की जा रही है।

**परीक्षाओं की तैयारी करने वालों को लाभ होगा:** गांवों में ई-पुस्तकालय खुलने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले क्षेत्र के युवक-युवतियों को शांतिपूर्ण माहौल में पढ़ाई करने का अच्छा माहौल मिल जाएगा। वहीं, ई-पुस्तकालय में फर्नीचर सहित सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। लोगों की सुविधा के लिए शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा। वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि भविष्य में चरणबद्ध तरीके से हर गांव में जरूरत के हिसाब से ई-पुस्तकालय खोले जाएंगे। क्षेत्र के लोगों द्वारा इसकी मांग की जा रही है। कुछ गांवों में स्थित पंचायत घरों में पहले से ही आपसी सहयोग से पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है।

**प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी:** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के गांवों में ई- पुस्तकालय खोले जाएंगे। इसके लिए खाली पड़े पंचायत भवन की मरम्मत और नए भवन बनाने का काम किया जा रहा है। परियोजना विभाग को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को भी लाभ मिलेगा।

## पूर्व प्रेमी ने फर्जी अकाउंट बनाकर अभद्र पोस्ट डाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के मिल्क लच्छी गांव में किराये रहने वाली युवती ने पूर्व प्रेमी पर बदनाम करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर उसके नाम और फोटो का इस्तेमाल कर फर्जी अकाउंट बनाया और अभद्र पोस्ट डाली। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच मामले की शुरू कर दी है। युवती ने सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस को बताया कि उसकी करीब दो साल पहले नोएडा निवासी अरुण से मुलाकात हुई। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। आरोपी के अत्यधिक शराब पीने की वजह से दोनों के बीच मनमुटाव हो गया। उसने आरोपी से बात करना बंद कर दिया और दूरी बना ली।

इसके बाद आरोपी ने युवती और उसके परिवार को फोन कर परेशान करना शुरू कर दिया। आरोपी ने सोशल मीडिया पर युवती का नाम और फोटो लगाकर फर्जी अकाउंट बनाए और उन पर अभद्र पोस्ट कर बदनाम करने की कोशिश की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी की हरकत से वह मानसिक रूप से परेशान हो गई है। परेशान होकर उसने पुलिस से शिकायत है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जहर देकर 40 सुअरों को मारने का आरोप

**नोएडा।** डाढा गांव में सुअर पालन करने वाले तीन भाइयों के 40 सुअरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गांव निवासी राजीव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने भाइयों विनोद और विवेक के साथ मिलकर सुअर पालन का कार्य करता है। उनके प्लॉट में करीब 60 सुअर थे। आरोप है कि बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे वह सुअरों को खाना खिलाकर घर चला गया था। करीब साढ़े नौ बजे वापस लौटने पर 40 सुअर मृत मिले। राजीव का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले राजेश और उसके पिता सुखवीर ने सुअरों को जहर दिया है। पीड़ित के मुताबिक आरोपित पहले भी सुअरों को वहां से हटाने की धमकी दे चुके थे और कहा था कि अगर सुअर नहीं हटाए गए तो वे अपने तरीके से उन्हें हटा देंगे।

## यूनिटेक गोल्फ-कंट्री क्लब की 634 करोड़ की संपत्ति अटैच

**सात हजार करोड़ का फंड डायवर्ट, ईडी का नोएडा में बड़ा एक्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यूनिटेक गोल्फ एंड कंट्री क्लब प्रोजेक्ट से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए नोएडा के सेक्टर-96, 97 और 98 स्थित परियोजना की संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। ईडी मुख्यालय की हेडक्वार्टर इन्वेस्टिगेशन यूनिट, नई दिल्ली ने 27 मई को पीएमएलए एक्ट, 2002 के तहत प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी किया था।

ईडी के अनुसार इस कार्रवाई में कुल 634.12 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की गई हैं, जिन्हें मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी प्रोसीड्स ऑफ क्राइम माना गया है। जांच एजेंसी का कहना है कि यह रकम होमबायर्स और





वित्तीय संस्थानों के फंड के कथित डायवर्जन से जुड़ी है। अटैच की गई संपत्तियों में लगभग 347.83 एकड़ जमीन के लीजहोल्ड अधिकार शामिल हैं। इसके अलावा स्पेशल पर्पज कंपनी और कंसोर्टियम स्ट्रक्चर के जरिए रखी गई इक्विटी शेयरहोल्डिंग भी कार्रवाई के दायरे में आई है। इसमें प्रमुख रूप से सनग्रेस प्रोडेक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (यूफ्लेक्स ग्रुप) और सीआईजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की हिस्सेदारी शामिल है। ईडी ने बताया कि वर्तमान बाजार मूल्य के हिसाब से यूजीसीसी प्रोजेक्ट की अटैच संपत्तियों का मूल्य करीब 8115 करोड़ रुपए है।

**76 एफआईआर के आधार पर शुरू हुई जांच:** ईडी ने यह जांच दिल्ली पुलिस और सीबीआई द्वारा यूनिटेक लिमिटेड, उसके प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स और अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज 76 एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। इन मामलों में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और होमबायर्स के पैसे के कथित दुरुपयोग के आरोप लगाए गए थे।

**7794 करोड़ रुपये डायवर्ट करने का आरोप:** ईडी जांच में सामने आया कि यूनिटेक लिमिटेड को होमबायर्स, निवेशकों और वित्तीय संस्थानों से कुल 16,075.89 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। इनमें से करीब 7,794.35 करोड़ रुपए गैर-निर्धारित उद्देश्यों के लिए डायवर्ट किए गए। जांच एजेंसी के मुताबिक सनग्रेस प्रोडेक्ट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड और सीआईजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने यूजीसीसी प्रोजेक्ट में बिना समुचित वित्तीय योगदान दिए आर्थिक हित हासिल किए और उन्हें बनाए रखा।

**अब तक 2281 करोड़ की संपत्तियां अटैच:** ईडी ने बताया कि यूनिटेक मामले में अब तक कुल 1296 चल और अचल संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं, जिनकी कुल कीमत 2281.07 करोड़ रुपए है। मामले में एक मुख्य और दो सप्लीमेंट्री प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट विशेष पीएमएलए कोर्ट, दिल्ली में दाखिल की जा चुकी हैं। मामले की आगे की जांच जारी है। ईडी ने कहा कि एजेंसी वित्तीय अपराधों के पीड़ितों और वैध दावेदारों को पारदर्शी और त्वरित तरीके से न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## तलाश गश्ती अज्ञात शव



दिनांक 26/05/2026 को मृतक जगदीश पुत्र गंगादत्त पता अज्ञात निवासी अज्ञात की मृत्यु की सूचना नितिश मो0नं0-9870395141 थाना-39 हे0का0 1004 नितिश ने जरिए दूरभाष सूचना दी कि मीमो जिला अस्पताल से0-39 दिनांक 26/05/2026 को समय करीब 10.22 बजे को सूचना दी गयी।

**हुलिया**- रंग गेहुँआ, सफेद शर्ट, सफेद पेंट

**औसत लम्बाई** - 5 फुट 5 इंच है।

**प्रभारी निरीक्षक**
**थाना सेक्टर 24 नोएडा**
**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर**

**विवेचक**
**उ०नि० आकाश सिंह**
**थाना सेक्टर 24 नोएडा**
**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर**

